उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 06.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 09 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 09 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.प्रवेश कुमार पुत्र बैजनाथ उम्र 27 वर्ष 2.मुन्ना सिंह पुत्र गोकूल सेन उम्र 37 वर्ष 3.निर्देष साहू पुत्र शंकरलाल साहू उम्र 26 वर्ष 4.भरत कुमार पुत्र बद्रीप्रसाद उम्र 26 वर्ष 5.प्रेमचन्द्र राजपूत पुत्र फूल सिंह उम्र 24 वर्ष 6.रम्मू पुत्र रामचन्द्र तिवारी उम्र 24 वर्ष 7.इकबाल पुत्र शौकतबक्श उम्र 22 वर्ष 8.अजय तिवारी पुत्र रामकुमार तिवारी उम्र 27 वर्ष 9.हेमेन्द्र पुत्र महेन्द्र प्रजापति उम्र 18 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा को ग्राम गौरहारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनकी जामातलाशी से 1180 रू0 मालफड़ 2700 रू0 कुल 3880/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभि0 उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 234/2024 धारा 13 जुआ अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह
2. हे0का0 राजकुमार सिंह
3. का0 मो0कामिल
4. का0 कुलदीप सिंह



@MahobaPolice

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने नाबालिग पीडिता को बरामद करते हुए पीडिता को बहलाकर-फुसलाकर ले जाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को भेजा गया जेल।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपहृत पीडिताओं की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान तथा ऐसे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक शिवपाल सिह द्वारा गठित की गई उ0नि0 विकास धर दूबे, उ0नि0 अर्जुन सिंह , का0 विकास सरोज, म0का0 प्रियंका यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना श्रीनगर में पंजीकृत मु0अ0स0 92/24 धारा 363/366/376 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट से संबंधित पीडिता की बरामदगी हेतु किए जा रहे प्रयासों के दौरान टीम ने मुखबिर की सूचना पर भागने की फिराक में बैठे अभियुक्त को मय अपहृत पीडिता के साथ थाना क्षेत्र के बेलाताल तिगैला से गिरफ्तार किया गया एवं पीडिता उपरोक्त को सकुशल बरामद कर वन स्टाप सेंटर महोबा भेजा गया । मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बलवन्त सिंह पुत्र गिरवर सिंह उम्र 19 वर्ष नि.ग्राम टोला सोयम थाना चरखारी जनपद महोबा के विरुद्ध पीडिता के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 366/376 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी है तथा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

बलवन्त सिंह पुत्र गिरवर सिंह उम्र 19 वर्ष नि.ग्राम टोला सोयम थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 विकास धर दूबे
2. उ0नि0 अर्जुन सिंह
3. का0 विकास सरोज
4. म0का0 प्रियंका यादव



## शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को चौपाल/पुलिस की पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति फेज-**5.0** के तहत आज दिनांक 06.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, दुर्गा पण्डालों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना। तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन **1090**, पुलिस आपातकालीन सेवा-**112** इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन **1076**, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-**102**, एम्बुलेंस सेवा-**108**, महिला हेल्प लाईन-**181**, साईबर क्राईम हेल्प लाईन **1930** आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

**उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान की शुरुआत के साथ ही आगामी 90 दिवस में 09 अभियान शामिल हैं-**

1. महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एव प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये "ऑपरेशन गरुण" चलाया जा रहा है।
2. एसिड की अवैध बिक्री के विरुद्ध "ऑपरेशन शील्ड" अभियान चलाया जा रहा है।
3. अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें साहित्य सामग्री आदि की चेकिंग, बरामदगी एवं जब्तीकरण के लिये "ऑपरेशन डेस्ट्राय" चलाया जा रहा है।
4. बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरूद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालक/बालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु "ऑपरेशन बचपन" चलाया जा रहा है।
5. गुमशुदा बच्चों/बालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशनों,बस स्टेशनों, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान "ऑपरेशन खोज" चलाया जा है।
6. महिला स्कूल/कालेज के आसपास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स पर अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरुद्ध "ऑपरेशन मजनू" चलाया जा है।
7. शराबी नशेडी एंव अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं ऐसे संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये "ऑपरेशन नशा मुक्ती" अभियान चलाया जा रहा है।
8. मानव तस्करी कर लायी गयी महिलाओं बालिकाओं को रेस्क्यु करना एवं उन्हे पुनर्वासित करने के संबंध में विधिक कार्यवाही करने हेतु "ऑपरेशन रक्षा" चलाया जा रहा है।
9. महिला सम्बन्धी अपराधों मे वांछित/प्रकाश मे आये अभियुक्तों तथा जेल से बाहर आये अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु "ऑपरेशन ईगल" चलाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 06.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत यातायात पुलिस टीम ने चलाया अभियान, सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश हेतु यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किये जाने के दिए गए आवश्यक निर्देश।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 06.10.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा "सडक सुरक्षा पखवाडा" अभियान के तहत चेकिंग अभियान चलाकर माल वाहक वाहनों मे अधिक सवारियाँ ले जाना, ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, दोष पूर्ण नम्बर प्लेट आदि की चेकिंग की गई एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत दो पहिया वाहनों की चेकिंग करते हुए चालको को हेलमेट लगाकर चलने हेतु प्रेरित किया गया एवं सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु ट्रैक्टर ट्रॉली इत्यादि वाहनों मे रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर आमजन को यातायात नियमो के प्रति जागरुक किया गया।

इसी क्रम में शारदीय नवरात्र के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों में भीड़-भाड़ के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाये जाने के उद्देश्य से कानपुर-सागर नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मां चंद्रिका महाविद्यालय के पास स्पीड रडार गन के माध्यम से ओवर स्पीडिंग वाहनों पर पैनी नजर रखते हुए वाहनों के नियमानुसार चालान किए गए।

जनपदीय पुलिस की इस कार्यवाही से जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में निश्चित रुप से कमी आयेगी।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 06.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर पुलिस लाइन महोबा परिसर में स्वच्छता हेतु चलाया गया विशेष साफ-सफाई अभियान...।

आज दिनांक 06.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में त्यौहारों के दृष्टिगत 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियों के द्वारा सफाई अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन परेड ग्राउंड, कार्यालय परिसर, थाना परिसर, शस्त्र हैंडलिंग व शस्त्रों की साफ-सफाई की गयी एवं सफाई अभियान के अंतर्गत परिसर तथा कार्यालय के आस पास सामूहिक श्रमदान करते हुए इस अभियान में बढ़-चढकर सहयोग किया गया है।

अभियान के दौरान स्वच्छता का सन्देश देते हुए अपील की गई है कि जो पुलिस कर्मचारी जहां भी निवासित/नियुक्त हैं, वहां का कुडा-कचरा एक निश्चित स्थान पर फेंके और समय-समय पर उसको नियमानुसार नष्ट भी करें। जिससे हम भी स्वस्थ रहेंगे तथा हमारे आस-पास का माहौल भी स्वच्छ बना रहेगा तथा संक्रामक बीमारी भी नहीं फैल पायेगी।





